# सुख- दुख साधना के मूल श्रोत, पति- पत्नी में सामानता जरूरी : प्रज्ञा



**श्री प्रज्ञापुराण कथामृतम साथ ही 21 कुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजित**

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 4 अप्रैल।** माँ गायत्री परिवार के तत्वावधान में स्थानीय वॉटर वर्क्स क्षेत्र में आयोजित श्री प्रज्ञापुराण कथामृतम के साथ ही 21 कुण्डीय महायज्ञ का भव्य आयोजन में व्यासपीठ से दीदी प्रज्ञा दीदी ने कहा कि गुरु की सेवा जैसे विवेक से सोच कर की जाती है ठीक वैसे ही हर पति- पत्नी, बहु- बेटी को अपनी बात चिंतन मनन कर करना चाहिए। जिससे किसी का दिल को कष्ट न पहुंचे।

वक्ता प्रज्ञा दीदी ने कहा कि आमतौर पर छोटी मोटी बातों पर विवाद से परिवार में पतन की स्थिति बन जाती है और परिवार टूट कर विखर जाता हो इस लिए परिवार वही सुसज्जित होता है जिस परिवार में माता पिता गुरु का सम्मान किया जाता है। हमें हमेशा मदद ऐसे ब्यक्ति की करना चाहिए जो मदद का पात्र हो जैसे निर्धन, अनाथ, दिव्यांग, नेत्रहीन आदि। उन्होंने कहा कि मां गायत्री शक्ति स्वरूपा हैं, नारी शक्ति को प्रदर्शन तब करना चाहिए जब समाज उनका तिरस्कार कर रहा हो। समाज मे दहेज प्रथा, मृत्यु भोज जैसे चलन को समाप्त करना चाहिए। बेटियों को सशक्त बनाना माता पिता की जिम्मेदारी होती है। गायत्री परिवार के द्वारा वार्षिक महोत्सव बृजलता श्रीवास्तव, सुपर्णा श्रीवास्तव, सुनीता सोनी, उमा शर्मा, राधा भदौरिया, पुष्पा श्रीवास्तव, गायत्री राजावत, रश्मि भदौरिया, मंजू शर्मा, मुन्नी श्रीवास्तव, सपना दुवे, प्रतिमा सोनी, ज्योति बौहरे, छुटकी समाधिया, शैलू पुरोहित, राम प्रकाश सविता, सूरज गोड, नरेश गोड, जगदीश श्रीवास्तव, दिनेश दीक्षित, राहुल श्रीवास्तव आदि का सहियोग रहा।

नित्य साधना आराधना करना जरूरी, परेशानी होती हैं कम: सर्वशक्तिमान सत्ता से कृपा अनुदान हमेशा मिलता रहे इसके लिए सभी को नित्य साधना, आराधना करना चाहिए। नित्य बनाए गए भोजन की पांच आहुतियां मंत्र के साथ देना चाहिए। इससे देव हमसे प्रसन्न रहते हैं और अपनी कृपा बनाए रखते हैं। नित्य साधना करने वाले बड़े कष्टों से आसानी से राहत पा लेते हैं।

गर्भवती महिलाओं का पूजन एक हजार दीपक से दीपयज्ञः मां अपने बच्चे की प्रथम पाठशाला होती है। महिला को शक्ति का अदभुत भण्डार बताया गया है। गायत्री परिवार के द्वारा 31 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई। माँ गायत्री की आरती एक हजार दीपक से की गई। बताया गया बच्चों का नामकरण भी वैदिक पुराण के बताए गए नामों पर रखना चाहिए।

# दो महिला नेताओं को प्रदेश महिला कांग्रेस में जिम्मेदारी

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 4 अप्रैल।** मध्यप्रदेश में महिला कांग्रेस संगठन के विस्तार के तहत 66 सदस्यीय प्रदेश कमेटी का गठन किया गया है। यह गठन अलका लांबा के नेतृत्व में किया गया, जिसमें भिण्ड जिले को भी महत्वपूर्ण स्थान मिला है। जिले से शांति कुशवाह को प्रदेश महिला कांग्रेस में महासचिव एवं अनुपम भदौरिया को संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस कमेटी में भिण्ड को दो पद मिलना संगठन के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। नियुक्ति के बाद जिला कांग्रेस पदाधिकारियों एवं



कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। पार्टी नेताओं ने दोनों पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि वे महिला संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगी।

# 43 साल 8 माह का कार्यकाल पूर्ण कर भदौरिया सेवानिवृत हुए



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 4 अप्रैल।** शासकीय सांदीपनि विद्यालय कॉटनजीन क्रमांक एक में बीते कई वर्ष से शाला प्रमुख के रूप पदस्थ नरेश सिंह भदौरिया के सेवानिवृत होने पर जिला शिक्षा अधिकारी आरडी मित्तल के मुख्यआतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि भदौरिया सहज सरल हंसमुख अंदाज के धनी व्यक्ति है इसी कारण उन्होंने निस्वार्थ सेवा करते हुए 43 साल 8 माह का कार्यकाल पूरा किया है।

कार्यक्रम में बताया कि भदौरिया द्वारा गोहद क्षेत्र के सुहांस, भिंड के ग्राम चरथर, अटेर क्षेत्र के ग्राम जगन्नाथपुरा और दबोहा में सेवाएं दी गई। इसके बाद शहर के कॉटनजीन स्कूल में पदस्थ किया गया। यहां 22 साल कुशलता पूर्वक सेवाएं दी। उनका सारा जीवन बच्चों के लिए समर्पित रहा। यह स्कूल ऐसा बन गया जहां लाटरी सिस्टम से प्रवेश होने लगा। कार्यक्रम मे समस्त स्कूल का स्टॉफ, शिक्षा विभाग के वरिष्ट अधिकारी भी मौजूद रहे। शिक्षकों द्वारा नरेश भदौरिया का सम्मान पुष्प माला, शॉल, श्रीफल, गिफ्ट आदि प्रदान कर किया गया। इस मौके पर यतेंद्र शर्मा, राजकुमार शर्मा, अरुण शर्मा, सुदामा जयंत, हिमांशु मिश्रा, गिरजेश शर्मा, रवि सिंह राजावत, सुधीश सिंह, धीरेंद्र सिंह यादव, मोहित दुवे, उमेश राजपूत, मनीष देपुरिया, शोभा मिश्रा, आकांक्षा श्रीवास्तव आदि की उपस्थिति रही।

# अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच से सपने होते हैं साकार

**भविष्य से भेंट कार्यक्रम में कलेक्टर ने विद्यार्थियों को किया प्रेरित**

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 4 अप्रैल।** स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत कलेक्टर किरोड़ीलाल मीणा ने मौ के पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय एवं संदीपनि शासकीय बालक उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें शिक्षा और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कलेक्टर ने विद्यार्थियों से उनके अध्ययन, लक्ष्य और रुचियों पर चर्चा करते हुए उन्हें अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही



विद्यार्थियों को स्वयं का मूल्यांकन करने, स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने और उसी दिशा में निरंतर प्रयास करते रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सपनों को साकार करने के लिए कठिन परिश्रम आवश्यक है और पूरी लगन व समर्पण से प्रयास किया जाए तो कुछ भी असंभव नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा के साथ- साथ शारीरिक गतिविधियों और खेलों में भाग लेना भी जरूरी है जिससे समग्र विकास संभव हो सके। इस दौरान गोहद एसडीएम, जिला शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौ का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने मौ नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने लैब कक्ष में जांच उपकरणों की उपलब्धता, एक्स- रे कक्ष की मशीनरी व वेक्सीन स्टोर रूम की व्यवस्था एवं सभी वार्डों का अवलोकन किया। साथ ही अधिकारियों से दवाओं की उपलब्धता स्टाफ व्यवस्था सहित अन्य जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा- निर्देश दिए।

# गोहद मेला विवाद: रसूख के आगे नियम ध्वस्त, पत्रों ने खोली प्रशासन की पोल




**पुलिस का पत्र : बिना अनुमति मेला, सुरक्षा मानकों की धज्जियाँ**

27 मार्च को अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) गोहद द्वारा जारी पत्र ने तो और भी गंभीर खुलासे किए मेला बिना वैध अनुमति के संचालित हो रहा है। कानून-व्यवस्था, ट्रैफिक और सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं फायर सेफ्टी, दुर्घटना नियंत्रण और भीड़ प्रबंधन पूरी तरह नदारद संकरे रास्ते और भारी वाहनों की आवाजाही से बड़ा हादसा कभी भी संभव। पुलिस ने स्पष्ट रूप से सुझाव दिया कि मेला खुले और सुरक्षित स्थान पर आयोजित किया जाए, लेकिन इस चेतावनी को भी नजरअंदाज कर दिया गया।

**नवभारत न्यूज**
**गोहद, 4 अप्रैल।** गोहद में आयोजित हो रहा 'गोहद मेला महोत्सव' अब सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और रसूख के टकराव का बड़ा उदाहरण बनता जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि जिन दो आधिकारिक पत्रों में साफ-साफ आपत्तियाँ दर्ज हैं, उन्हीं के बीच नियमों को ताक पर रखकर मेले का भव्य उद्घाटन कर दिया गया। नगर पालिका का पत्र साफ चेतावनी, फिर भी अनदेखी नगर पालिका परिषद गोहद द्वारा 26 मार्च 2026 को जारी पत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया कि मेला स्थल सुरक्षा दृष्टि से अनुपयुक्त है संकरा रास्ता होने के कारण आपात स्थिति में राहत कार्य असंभव होगा। पार्किंग और ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह अव्यवस्थित है आगजनी जैसी घटना में फायर ब्रिगेड तक नहीं पहुंच पाएगी। नगर पालिका ने साफ शब्दों में इस स्थान पर मेले की अनुमति देने पर आपत्ति दर्ज कराई थी। इसके बावजूद आयोजन जारी है—क्या यह सीधी-सीधी प्रशासनिक अवहेलना नहीं? **शर्तों का मजाक:** एसडीओ कार्यालय द्वारा जारी एनओसी में साफ लिखा था कि नगर पालिका से अलग अनुमति लेना अनिवार्य होगा, अन्यथा अनुमति स्वतः निरस्त मानी जाएगी। लेकिन यहाँ तो बिना नगर पालिका अनुमति के मेला शुरू भी हुआ और उद्घाटन भी हो गया—यानी नियमों को खुलेआम चुनौती!

**जनता की जान से खिलवाड़:** झूलों की फिटनेस पर कोई स्पष्ट प्रमाण नहीं आग से बचाव के इंतजाम नदारद भीड़ नियंत्रण की कोई ठोस व्यवस्था नहीं। ऐसे में सवाल सीधा है—क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? **तंत्र बना मूकदर्शक:** दो-दो सरकारी विभागों (नगर पालिका और पुलिस) की स्पष्ट आपत्तियों के बावजूद मेला जारी रहना यह बताता है कि कहीं न कहीं रसूख सिस्टम पर भारी पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पूरा प्रशासनिक तंत्र या तो दबाव में है या फिर जानबूझकर चुप्पी साधे हुए है।

**जवाब से बचते अधिकारी:** इस पूरे मामले में अनुविभागीय अधिकारी और जिला प्रशासन से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन फोन कॉल का कोई जवाब नहीं। व्हाट्सएप संदेशों को भी नजरअंदाज किया गया

# अभिभावकों और विद्यालय के समन्वय से ही बच्चों का होगा समग्र विकास : परिहार



**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 4 अप्रैल।** मालनपुर के समीप संचालित शिवाजी पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच सार्थक संवाद को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पैरेंट-टीचर मीटिंग का भी आयोजन किया गया। विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों की सहभागिता रही और पूरे परिसर में संतुलित उत्साह एवं संतोष का वातावरण देखने को मिला इस अवसर पर विद्यालय को बहुत ही सुंदर तरीके से सजाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू द्वारा मां सरस्वती की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर की गई, इस अवसर पर विद्यालय संचालक ने अपने संबोधन में कहा कि अभिभावकों और विद्यालय के समन्वय से ही बच्चों का समग्र विकास होगा हमारे विद्यालय की हमेशा ऐसी शिक्षा व्यवस्था विकसित करना रही है, जहाँ बच्चे केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रहकर विभिन्न क्षेत्रों में अपनी क्षमताओं को पहचान सकें। उन्होंने सहज रूप से यह उल्लेख किया कि हाल के वर्षों में विद्यालय के विद्यार्थियों ने विज्ञान, शैक्षणिक गतिविधियों, कला एवं खेल जैसे विभिन्न क्षेत्रों में संतुलित और सराहनीय उपस्थिति दर्ज कराई है आगे उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संस्था निरंतर ऐसे शैक्षणिक वातावरण के निर्माण के लिए कार्यरत है, जहा अनुशासन, गुणवत्ता और निरंतर सुधार को प्राथमिकता दी जाती है। उन्होंने बताया कि नए सत्र में शिक्षण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए नियमित फीडबैक, व्यक्तिगत मार्गदर्शन एवं प्रैक्टिकल आधारित अध्ययन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे विद्यालय के साथ समन्वय बनाए रखें, जिससे बच्चों के विकास की प्रक्रिया और अधिक मजबूत हो सके।

**सत प्रतिशत रहा विद्यालय का परीक्षा परिणाम:** अभी हाल ही में बीते दिनों राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा पांचवी और आठवीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए थे जिसमें विद्यालय के छात्रों में बेहतर प्रदर्शन किया और परीक्षा परिणाम सत् प्रतिशत रहा, इसी प्रकार अन्य कक्षाओं में अध्यनरत छात्रों ने भी परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन किया। **विद्यालय संचालक ने मेधावी छात्रों को दिए उपहार:** विद्यालय संचालक अपनी अपनी कक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को पुरस्कार वितरण के लिए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। **पत्रकारों को दिए प्रशंसा पत्र:** विद्यालय मैं आयोजित कार्यक्रम में स्कूल संचालक द्वारा क्षेत्रीय पत्रकारों को उपहार एवं प्रशंसा पत्र दिए और शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

# भाजपा की मंडल प्रशिक्षण कार्यशाला में संगठन विस्तार पर जोर



**नवभारत न्यूज**
**गोहद, 4 अप्रैल।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत गोहद नगर मंडल में मंडल प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन गौतम नगर स्थित प्रेम वाटिका में किया गया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य द्वारा भारत माता, प.श्यामा प्रसाद मुखर्जी, प.दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। यहाँ मण्डल टीम द्वारा मुख्य अतिथि को रामचरितमानस मानस भेट कर एव पार्टी की पट्टिका पहनाकर स्वागत किया गया मंच पर गब्बर सिंह गुर्जर, रामस्वरूप पहलवान, महेश श्रीवास्तव प्रताप कुशवाहा कालीचरण गुप्ता धर्मेंद्र गुर्जर संजय झा भगवान सिह बघेल, रिंकू भटेले, प्रमोद कामत प्रतिभा सोनी उमा राठौर कुसुम माहोर श्रीमती रबी सौरभ पांडे उपस्थित थे प्रथम दिवस में पांच चरण सम्पन हुए द्वतीय चरण में मुख्य बकता दीपक भदौरिया ने पार्टी का इतिहास एव विकास बिषय पर मार्गदर्शन किया मंच पर नरेश गुप्ता उपस्थित थे तृतीय चरण को एडवोकेट अवधेश सिंह भदौरिया ने सम्बोधित किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लालसिंह आर्य ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए 'कार्य विस्तार में हमारी दृष्टि' विषय पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल आधार मजबूत संगठन और सक्रिय कार्यकर्ता हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने-अपने क्षेत्र में संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करना चाहिए। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत को याद करते हुए कहा कि पार्टी का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसके लिए प्रशिक्षण कार्यशालाएं कार्यकर्ताओं को वैचारिक और संगठनात्मक रूप से मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मंडल प्रशिक्षण कार्यशाला आठ चरणों में संपन्न होगी, जिसमें विभिन्न विषयों पर वरिष्ठ वक्ताओं द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। कार्यशाला में संगठन की कार्यप्रणाली, बूथ प्रबंधन, सोशल मीडिया का उपयोग, केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल किए गए हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, मंडल एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने प्रशिक्षण के माध्यम से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# भविष्य से भेंट थीम पर छात्रों से रूबरू हुए एसडीएम

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 04अप्रैल।** मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के पत्र अनुसार प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत 'भविष्य से भेंट' थीम पर जिला कलेक्टर कार्यालय भिंड के निर्देशानुसार प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों को विद्यालय आवंटित कर उन्हें एक पीरियड पढाने के निर्देश दिए गए हैं। इस निर्देश के परिपालन में श्री नवनीत शर्मा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मेहगांव जिला भिंड को शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेहगांव आवंटित किया गया। आज दिनांक 4 अप्रैल




2026 को सांदीपनि विद्यालय मेहगांव में नवनीत शर्मा एसडीएम मेहगांव के द्वारा छात्रों को 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी समय में छात्रों की शिक्षण गतिविधियों पठन-पाठन योजनाओं में किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताया और छात्रों का मार्गदर्शन किया उन्हें अपने भविष्य को कैसे सुरक्षित रखना है उसके कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी छात्रों को दिये, इस कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य श्री विजय सिंह कुशवाह जी समस्त स्टाफ एवं छात्रों ने कार्यक्रम में सहभागिता की और कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्राचार्य कुशवाह के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# भागवत कथा मे सती चरित्र के प्रसंग से गूंजा भक्तिमय माहौल



**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 04अप्रैल।** नगर में त्यागी बाग पचैरा रोड, दैपुरिया कॉलेज के पास परीक्षित श्रीमती अनचाई राकेश त्यागी ठेकेदार त्यागी महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा कराई जा रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस की कथा में भागवत का महात्म्य बताते हुए कथा वाचक भागवत रत्न व अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त आचार्य पं. विमलकृष्ण पाठक जी ने तीसरे दिन की कथा मे भक्तों को भागवत कथा के महात्म को बताते हुए बताया कि किस प्रकार राजा उत्तानपाद के 5 वर्षीय पुत्र ध्रुव ने सौतेली माँ के दुर्व्यवहार से दुखी होकर भगवान विष्णु की कठोर तपस्या की। नारद जी के मार्गदर्शन में उन्होंने '? नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र का जाप किया, जिससे प्रसन्न होकर भगवान ने उन्हें अमरत्व प्रदान किया और वे आकाश में 'ध्रुव तारे' के रूप में प्रसिद्ध हुए इसी प्रकार माता सती की कथा का वर्णन करते हुए बताया कि माता सती की कथा हिंदू पौराणिक कथाओं में त्याग, प्रेम और आत्म-सम्मान की प्रतीक है। प्रजापति दक्ष की पुत्री सती ने भगवान शिव से विवाह किया, लेकिन पिता द्वारा शिव के अपमान से दुखी होकर उन्होंने दक्ष के यज्ञ में योगशक्ति से देह त्याग दी इस घटना के बाद, शिव के क्रोध से 51 शक्तिपीठों की स्थापना हुई थी। आज की अनुपम कथा मे भक्ति रस की वर्षा में लोगों ने अमृतमयी कथा का आनंद लिया और सुंदर सुंदर भजनों ने कथा की दिव्यता और बड़ा दी आज की कथा मे मुख्य रूप से महाधिवक्ता राजेश शुक्ला वरिष्ठ भाजपा नेता मायाराम शर्मा एडवोकेट वरिष्ठ समाज सेवी अशोक भारद्वाज समाज सेवी कमलेश ब्यास पूर्व जनपद अध्यक्ष रामहर्ष सिंह कुशवाह म.प्र. श्रमजीवी पत्रकार संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राजेश त्यागी सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भी अमृतमय भागवत कथा का रसपान किया।

# चोरियों के आरोपी गिरफ्तार व चोरी गया माल बरामद



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड/गोहद, 4 अप्रैल।** थाना गोहद चौराहा पुलिस टीम के द्वारा तीन चोरियों के प्रकरणो के अंतर्राज्यीय आरोपियो को गिरफ्तार कर करीब एक लाख रुपये का माल बरामद करने में सफलता हासिल हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी विकास सिंह तोमर व्दारा थाना गोहद चौराहा पर बताया कि रात्रि को दुकान की दीवाल में छेद करके दुकान में रखी बैटरी-04, इनवेटर- 02, ई-रिक्शा के पार्ट्स व नगदी करीबन 5,000 रूपये एवं मेरी मौसी के लड़के संजीव सिंह तोमर की दुकान से एलईडी ब्लव की-02 पेटी. 12 बंडल कोना कम्पनी के वायर, रूम हीटर व नगदी करीबन 2,000 रुपये आदि कुल कीमती करीबन 48000/- रुपय का सामन अज्ञात चोर चोरी कर ले गये तथा फरियादी पवन कुमार गुप्ता व्दारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि मेरी व मेरे पडोसी राजकुमार प्रजापति की कपडे की दुकानों की दीवालों में छेद करके 25 साडियां व 01 सूट का थैला एवं राजकुमार प्रजापति की दुकान से करीबन 10 पेंट व 12 कुर्ता के थान करीबन 48000/- रुपय का सामन अज्ञात चोर चोरी कर ले गये। फरियादी रामप्रसाद कुशवाह व्दारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई। कि इलेक्ट्रोनिक एण्ड फर्नीचर की दुकान से छोटी साइज की एलईडी, मिक्सी, इनवेटर, बेटरी, सिलाई मशीन, इन्डेक्शन, ओवन आदि सामान की अज्ञात चोर चोरी कर ले गये है।

उपरोक्त तीनो चोरी की घटनाओ को गम्भीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक व्दारा विशेष निर्देश दिये जाकर अज्ञात आरोपियों की धरपकड हेतु विशेष टीम बनाई जाकर आरोपियो की गिरफ्तारी के प्रयास किये गये इसी क्रम में थाना गोहद चौराहा पुलिस व्दारा दो अंतर्राज्यीय आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है, गिरफ्तार आरोपी योगेश और रिंकू कुशवाहा एवं सौरव कुशवाह निवासीगण बामोर जिला मुरैना के बताए जा रहे हैं जिनके व्दारा राजस्थान के जिला धौलपुर एवं मुरैना जिले के कई थानों में चोरी के अपराध दर्ज है। आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया है। जिसमें इन्वर्टर-1, बैट्री-1, तार के बण्डल,-कपडो के पैकट 3- एलईडी टीव्ही-2, कूलर-1, वासिंग मशीन-2, सिलाई मशीन-1, गद्दे-2, इन्डेक्सन चूल्हा-1 सहित लगभग एक लाख रुपए का माल जब्त कर न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। सराहनीय भूमिका निरी. रामनरेश यादव, उनि. मदन सिंह, उनि. शहजाद खाँन, सउनि बनवारी लाल सविता, विशंभर दयाल, प्रआर. दीपक कुमार, वीर सिंह, जगन सिंह, रोहित यादव, आर. परशुराम रावत, सुरेन्द्र पिप्पल, नवीन तोमर, के के. शर्मा, सतीश, हरिओम, आकाश शर्मा, दुष्यंत कुशवाह, राजकुमार लोधी, आर.चालक रामशंकर, सेनिक सुदामा यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।